आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- एंटी चिट्टा हिमाचल अभियान के तहत हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन– मुख्यमंत्री ने सभी को चिट्टे व मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ दिलाई शपथ।
- विकसित भारत रोज़गार व आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक–2025 लोकसभा में पेश– 20 साल पुराने मनरेगा अधिनियम का लेगा स्थान।
- विजय दिवस पर देशभर में अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा– विदेशों में रोज़गार के लिए जाने वाले युवाओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी राज्य सरकार।

  और

- हिंदू रक्षा मंच ने धारा–118 में संशोधन को लेकर पेश किए गए विधेयक के खिलाफ राज्य सरकार पर साधा निशाना।

...............

वॉकथॉन

राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में शुरू किए गए एंटी चिट्टा हिमाचल अभियान के तहत आज हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में आयोजित इस जागरूकता वॉकथॉन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले उपस्थित लोगों को चिट्टे और मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ शपथ भी दिलाई।

*हम हम अपने परिवार, अपने परिवार,दोस्तों, दोस्तों और समाज को और समाज को चिट्टे से,चित्ते से दूर रहने के लिए, दूर रहने के लिए,प्रेरित, प्रेरित करेंगे, करेंगे, हम हम संकल्प लेते हैं,संकल्प लेते हैं कि हिमाचल को कि हिमाचल को चिट्टा मुक्त,चिट्टा मुक्त बनाना है, बनाना है ।*

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल चिट्टे के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नशे जैसी बुराई के खिलाफ जागरूकता फैलाना और युवाओं को नशे से दूर रखना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

बस सेवा

इस बीच मुख्यमंत्री ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की नादौन–हमीरपुर–घुमारवीं–दिल्ली वॉल्वो बस सेवा का शुभारंभ भी किया। ये बस रोज़ाना सुबह 7 बजे नादौन से चलकर शाम 4 बजकर 40 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगी, जबकि वापसी में दिल्ली से सुबह साढ़े 8 बजे चलेगी और शाम साढ़े 6 बजे नादौन पहुंचेगी।

रोजगार विधेयक

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक 2025 पेश किया। यह विधेयक बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का स्थान लेगा। विधेयक विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप एक आधुनिक वैधानिक ढांचा स्थापित करेगा। विधेयक के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के स्वेच्छा से अकुशल शारीरिक श्रम करने वाले वयस्क सदस्य को एक सौ 25 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा। विधेयक पेश करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं।

विजय दिवस

राष्ट्र आज विजय दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनके साहस और बलिदान ने 1971 में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित की। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि सैनिकों के साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति अद्वितीय समर्पण ने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है। वीर सैनिकों के बलिदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके दृढ़ संकल्प और निस्वार्थ सेवा ने राष्ट्र की रक्षा की व भारत के इतिहास में गौरव का एक क्षण अंकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैनिकों की वीरता भारतीय पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। इधर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में यमुना नदी के प्रदूषण को कम करने के लिए पांवटा साहिब में 11 करोड़ 57 लाख रूपये की लागत वाली एक इंटरसैप्शन, डायवर्जन व एस.टी.पी. परियोजना को मंजूरी दी गई है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। राजभूषण चौधरी ने बताया कि ये परियोजना पूर्ण हो चुकी है और इसका संचालन हिमाचल प्रदेश सरकार के सिंचाई व जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाता है।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार विदेशों में रोज़गार के लिए जाने वाले प्रदेश के युवाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। धर्मशाला में आयोजित रोज़गार मेले के अवसर पर उन्होंने ये बात कही। चंद्र कुमार ने कहा कि अब युवाओं को विदेशों में रोज़गार के लिए भेजने की प्रक्रिया पूरी तरह सरकारी निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही के दायरे में लाई जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल युवाओं को रोज़गार उपलब्ध करवाना ही नहीं है, बल्कि उन्हें सुरक्षित, भरोसेमंद और सम्मानजनक व्यवस्था के तहत भविष्य संवारने का अवसर देना भी है।

हिंदू रक्षा मंच

प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा धारा–118 में संशोधन को लेकर पेश किए गए विधेयक के खिलाफ हिंदू रक्षा मंच ने निशाना साधा है। रक्षा मंच ने मामले को लेकर उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष कमल गौतम ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि सरकार के संरक्षण में भू–माफिया हिमाचल की भूमि को लूटने में लगा है।

धूमल

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफैसर प्रेम कुमार धूमल ने कहा है कि युवा किसी भी राष्ट्र और संगठन की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। धूमल ने आज समीरपुर स्थित अपने निवास पर उनसे मिलने आए भाजयुमो के शिमला ज़िला अध्यक्ष सुमित ठाकुर व अन्य कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान कहा कि भाजयुमो ने हमेशा राष्ट्रहित, संगठनहित और समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है।

जागरूकता कार्यक्रम

भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो शिमला द्वारा शिमला ज़िले के जुब्बल स्थित आई.टी.आई में नई श्रम संहिताओं को लेकर 2 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन आज विद्यार्थियों के लिए नए श्रम कानूनों पर आधारित चित्रकला, पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ आई.टी.आई. के प्राचार्य जय किशन चौहान और पत्र सूचना कार्यालय शिमला के प्रमुख संजीव कुमार शर्मा ने किया। संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य आई.टी.आई. प्रशिक्षुओं को नए श्रम कानूनों के लाभ की जानकारी देना है।

आउटसोर्स यूनियन मांग

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन ने राज्य सरकार से स्थायी नीति बनाने की मांग की है। यूनियन के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने आज शिमला में बताया कि

प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी पिछले 15 से 20 वर्षों से पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके भविष्य को लेकर कोई सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई है।

<u>अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर....</u>

- एंटी चिट्टा हिमाचल अभियान के तहत हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन– मुख्यमंत्री ने सभी को चिट्टे व मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ दिलाई शपथ।
- विकसित भारत रोज़गार व आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक–2025 लोकसभा में पेश– 20 साल पुराने मनरेगा अधिनियम का लेगा स्थान।
- विजय दिवस पर देशभर में अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा– विदेशों में रोज़गार के लिए जाने वाले युवाओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी राज्य सरकार।

  और
- हिंदू रक्षा मंच ने धारा–118 में संशोधन को लेकर पेश किए गए विधेयक के खिलाफ राज्य सरकार पर साधा निशाना।

-----------------------------------------------------------------------------------------------